**कार्यालय– निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड, ननूरखेडा, देहरादून।**

आदेश संख्या : **सेवायें–2**/ 88L /2016–17, दिनांक 19 सितम्बर, 2016

**<u>विज्ञप्ति / प्रतिनियुक्ति (केवल राजकीय कार्मिकों हेतु)</u>**

कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड ननूरखेडा, देहरादून के आदेश संख्याः सेवायें–2/789/2016–17 दिनांक 19–08–2016 द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति के माध्यम से उत्तराखण्ड आवासीय विद्यालय समिति के अन्तर्गत संचालित राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों में प्राचार्य, उप प्राचार्य, पी0जी0टी0, व टी0जी0टी0 पदों हेतु उत्तराखण्ड सरकार/अन्य राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के राजकीय कार्मिकों से प्रतिनियुक्ति हेतु दिनांक 15 सितम्बर 2016 तक आवेदन पत्र आमन्त्रित किये गये थे।

उक्त विज्ञप्ति के सापेक्ष पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से आवेदन पत्र आमंत्रित करने की अंतिम तिथि को **दिनांक 05 अक्टूबर 2016 सांय 5:00 बजे** तक विस्तारित किया जाता है। आवेदन पत्र का प्रारूप, जनपदवार पदों की संख्या, वेतनमान एवं प्रशासनिक/शैक्षणिक वांछित अनुभव सम्बन्धी विवरण विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड की वेबसाइट www.schooleducation.uk.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**निदेशक**
**माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड**

**पृष्ठांकन संख्याः उ0आ0वि0स0/** 19252-55 **/विज्ञप्ति/2016–17 दिनांक उक्तवत्।**

**प्रतिलिपिः–** निम्नांकित समाचार पत्रों को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञापन को आप अपने दैनिक समाचार पत्रों के दिनांक 20–09–2016 के उत्तराखण्ड संस्करण में **6X10 वर्ग सेमी0 माप** DAVP दरों पर प्रकाशित करने का कष्ट करें तथा बिल भुगतान हेतु अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करने का कष्ट करें।

1. **सम्पादक, दैनिक जागरण देहरादून को उत्तराखण्ड संस्करण (कुमाऊँ मण्डल/गढ़वाल मण्डल) में प्रकाशनार्थ।**
2. **सम्पादक, अमर उजाला देहरादून को उत्तराखण्ड संस्करण (कुमाऊँ मण्डल/गढ़वाल मण्डल) में प्रकाशनार्थ।**
3. **सम्पादक, हिन्दुस्तान देहरादून को उत्तराखण्ड संस्करण में प्रकाशनार्थ।**
4. **सम्पादक, हिन्दुस्तान टाइम्स देहरादून को नई दिल्ली/उत्तराखण्ड संस्करण में प्रकाशनार्थ।**

19.9.2016

(आर0के0 कुँवर)
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड
देहरादून।

## ..जीव गांधी नवोदय विद्यालयों की विद्यालयवार संशोधित रिक्तियां (दिनांक 20–09–2016)

| ..पद | रिक्त पद | | | | | | कुल पद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्राचार्य | उप प्राचार्य | पी0जी0टी0 | | टी0जी0टी0 | | |
| | | | विषय | संख्या | विषय | संख्या | |
| ..ल्मोडा | 1 | 1 | इतिहास, भूगोल, | 2 | विज्ञान, कला, व्यायाम (महिला) अंग्रेजी | 4 | 8 |
| ..गेश्वर | 1 | 1 | इतिहास, रसायन, भूगोल,वाणिज्य, कम्प्यूटर | 5 | संस्कृत, कला, व्यायाम (महिला) समा0वि0 | 4 | 11 |
| ..मोली | 1 * | 1 | इतिहास, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, कम्प्यूटर | 4 | संस्कृत, संगीत, व्यायाम (महिला) | 3 | 9 |
| ..पावत | – | 1 | वाणिज्य, कम्प्यूटर | 2 | हिन्दी, अंग्रेजी, समा0वि0 (2), व्यायाम (01) (महिला), गणित, | 6 | 9 |
| ..हरादून | – | – | | 0 | गणित, व्यायाम(महिला) | 2 | 2 |
| ..रिद्वार | – | – | भूगोल वाणिज्य | 2 | – | 0 | 2 |
| ..नीताल | – | – | – | – | कला, व्यायाम (महिला) हिन्दी (2) विज्ञान | 5 | 5 |
| ..ड़ी | – | 1 | वाणिज्य, भौतिक | 2 | हिन्दी (2), विज्ञान, गणित (1), सा0विज्ञान (2), कला, संगीत (1) | 8 | 11 |
| ..थौरागढ़ | 1 | 1 | रसायन, वाणिज्य, कम्प्यूटर, भौतिक, अंग्रेजी | 5 | हिन्दी, अंग्रेजी, गणित (2), समा0विज्ञान, कला, व्यायाम (महिला) | 7 | 14 |
| ..द्रप्रयाग | 1 | 1 | वाणिज्य, कम्प्यूटर, इतिहास, भूगोल, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र | 6 | संस्कृत, व्यायाम (महिला) सा0विज्ञान, संगीत, अंग्रेजी | 5 | 13 |
| ..टेहरी | – | – | कम्प्यूटर साइन्स | 1 | संस्कृत, सा0विज्ञान, व्यायाम (महिला), हिन्दी | 4 | 5 |
| ..धम सिंह ..गर | – | – | भूगोल, वाणिज्य, कम्प्यूटर साइन्स, | 3 | संस्कृत, कला, गणित व्यायाम (पुरूष) | 4 | 7 |
| ..रकाशी | 1 | 1 | वाणिज्य, | 1 | हिन्दी, कला, संस्कृत, सामाजिक विज्ञान, संगीत, व्यायाम (महिला) | 6 | 9 |
| ..ोग | 6 | 8 | | 33 | | 58 | 105 |

* दिनांक 31–08–2016 तक कार्यभार ग्रहण न करने की स्थिति में रिक्त समझा जायेगा।

उप निदेशक
महानिदेशालय
विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड आवासीय विद्यालय समिति द्वारा संचालित राजीव गाँधी नवोदय विद्यालयों में संशोधित रिक्तियों का विवरण दिनांक 20–09–2016

| क्र0सं0 | पद | पदस्थापन के पश्चात रिक्त पद | रिक्तियां |
|---|---|---|---|
| 1. | प्राचार्य | अल्मोड़ा बागेश्वर, पिथौरागढ़, रूद्रप्रयाग, उत्तरकाशी चमोली* | 6 |
| 2. | उप प्राचार्य | अल्मोड़ा, बागेश्वर,, चमोली, चम्पावत, पौड़ी, पिथौरागढ़, रूद्रप्रयाग, उत्तरकाशी | 8 |
| 3 | पी0जी0टी0 हिन्दी | — | 0 |
| 4 | पी0जी0टी0 अंग्रेजी | पिथौरागढ, रूद्रप्रयाग | 2 |
| 5 | पी0जी0टी0 इतिहास | अल्मोड़ा, बागेश्वर, चमोली, रूद्रप्रयाग | 4 |
| 6 | पी0जी0टी0 गणित | — | 0 |
| 7 | पी0जी0टी0 भौतिक | पिथौरागढ़ पौड़ी, | 2 |
| 8 | पी0जी0टी0 रसायन | बागेश्वर, पिथौरागढ़, | 2 |
| 9 | पी0जी0टी0 जीवविज्ञान | — | 0 |
| 10 | पी0जी0टी0 भूगोल | अल्मोड़ा, बागेश्वर, उधमसिंहनगर, हरिद्वार, रूद्रप्रयाग, | 5 |
| 11 | पी0जी0टी0 अर्थशास्त्र | चमोली, रूद्रप्रयाग | 2 |
| 12 | पी0जी0टी0 वाणिज्य | बागेश्वर, चमोली, चम्पावत, हरिद्वार, पौड़ी, पिथौरागढ रूद्रप्रयाग,उधमसिंहनगर उत्तरकाशी | 9 |
| 13 | पी0जी0टी0 कम्प्यूटर | बागेश्वर, चमोली, चम्पावत, पिथौरागढ़, रूद्रप्रयाग, उधमसिंहनगर, टिहरी | 7 |
| 14 | टी0जी0टी0 हिन्दी | चम्पावत (1), पिथौरागढ़ (1), पौडी (2),उत्तरकाशी (1), टिहरी (1), नैनीताल (2) | 8 |
| 15 | टी0जी0टी0 संस्कृत | बागेश्वर, चमोली, रूद्रप्रयाग, टिहरी, उधमसिंहनगर, उत्तरकाशी | 6 |
| 16 | टी0जी0टी0 अंग्रेजी | अल्मोड़ा (01) चम्पावत(01), पिथौरागढ़,(01) रूद्रप्रयाग, | 4 |
| 17 | टी0जी0टी0 विज्ञान | अल्मोड़ा, पौड़ी, नैनीताल | 3 |
| 18 | टी0जी0टी0 गणित | पिथौरागढ़(02) पौड़ी (01) चम्पावत, उधमसिंहनगर देहरादून | 6 |
| 19 | टी0जी0टी0 सामा0 वि0 | बागेश्वर, (01) चम्पावत (02) पिथौरागढ़,(01) पौड़ी, (02) टिहरी ( 01) उत्तरकाशी (01) रूद्रप्रयाग,(01) | 9 |
| 20 | टी0जी0टी0 कला | अल्मोड़ा, बागेश्वर, नैनीताल पिथौरागढ़, पौड़ी, उधम सिंह नगर, उत्तरकाशी | 7 |
| 21 | टी0जी0टी0 संगीत | चमोली, पौड़ी रूद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, | 4 |
| 22 | टी0जी0टी0 व्यायाम (महिला ) | अल्मोड़ा, बागेश्वर, चमोली, चम्पावत, देहरादून नैनीताल, पिथौरागढ रूद्रप्रयाग टिहरी, उत्तरकाशी, | 10 |
| 23 | टी0जी0टी0 व्यायाम (पुरूष) | उधम सिंह नगर, | 1 |
| | | योग | 105 |

* दिनांक 31–08–2016 तक कार्यभार ग्रहण न करने की स्थिति में रिक्त समझा जायेगा।

उप निदेशक
महानिदेशालय
विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड आवासीय विद्यालय समिति द्वारा प्रदेश के समस्त तेरह जनपदों में संचालित राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों में प्राचार्य, उप प्राचार्य, पी0जी0टी0 व टी0जी0टी0 हेतु उत्तराखण्ड सरकार/अन्य राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के राजकीय कार्मिकों से प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप, जनपदवार पदों की संख्या, वेतनमान एवं प्रशासनिक/शैक्षणिक वांछित अनुभव सम्बन्धी विवरण

**1 विद्यालय स्तर पर पदों का विवरणः–**

| क्र0स0 | पदनाम | मानदेय पर कार्यरत शिक्षकों को न हटाते हुये प्रतिनियुक्ति पर विज्ञापन हेतु पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 01 | प्राचार्य | 5 |
| 02 | उप–प्राचार्य | 8 |
| 03 | पी0जी0टी0 | 30 |
| 04 | टी0जी0टी0 | 56 |
| **योग–** | | **99** |

**नोट– रिक्तियों की संख्या घट–बढ़ सकती है।**

**2 प्रतिनियुक्ति द्वारा भर्ती :**

प्रतिनियुक्ति हेतु उत्तराखण्ड सरकार/अन्य राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के राजकीय कर्मचारी आवेदन हेतु अर्ह होंगे। प्रतिनियुक्ति की अवधि 3 वर्ष अथवा नियमित नियुक्ति होने तक (जो भी पहले हो) होगी, जिसे जनहित में विशेष परिस्थितियों में सम्बन्धित का कार्य निष्पादन उत्तम होने पर अतरिक्त 01 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। कार्य संतोषप्रद न होने की स्थिति में प्रतिनियुक्ति 3 वर्ष की अवधि से पूर्व कभी भी समाप्त की जा सकती है। प्रतिनियुक्ति बढ़ाने अथवा घटाने का निर्णय लेने हेतु मुख्य कार्यकारी अधिकारी अधिकृत होंगे।

**3 प्रतिनियुक्ति के आधार पर विद्यालयों में पदों को भरे जाने हेतु अनुभव अर्हता–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्राचार्य (रू0 15600–39100 ग्रेड पे 7600) | प्रधानाचार्य पद (रू0 15600–39100 ग्रेड पे 7600) में दो वर्ष का अनुभव<br>अथवा<br>अधीनस्थ राजपत्रित (रू0 15600–39100 ग्रेड पे 5400), में प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक पद पर मौलिक रूप से भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में **10 वर्ष** की संतोषजनक सेवा पूर्ण कर ली हो,<br>अथवा<br>चयन वेतनमान (रू0 15600–39100 ग्रेड पे 5400) में कार्यरत् प्रवक्ता जिन्होंने मौलिक रूप से भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को प्रवक्ता के पद पर 15 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण कर ली हो। |
| 2. | उप प्राचार्य (रू0 15600–39100 ग्रेड पे 5400) | अधीनस्थ राजपत्रित (रू0 15600–39100 ग्रेड पे 5400), जिन्होंने मौलिक रूप से भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक पद पर 02 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण कर ली हो,<br>अथवा<br>चयन वेतनमान (रू0 15600–39100 ग्रेड पे 5400) में कार्यरत् प्रवक्ता जिन्होंने मौलिक रूप से भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस को प्रवक्ता के पद पर 12 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण कर ली हो, |
| 3. | पी.जी.टी. (रू0 9300–34800 ग्रेड पे 4800) | 1 प्रवक्ता के पद पर कार्य करने का दिनांक 30–06–2016 को 03 वर्ष का अनुभव<br>अथवा<br>स्नातक वेतनक्रम में कार्यरत शिक्षक जिन्हें दिनांक 30–06–2016 को न्यूनतम 05 वर्ष का अध्यापन अनुभव हो तथा सम्बन्धित विषय में परास्नातक हो।<br>2 अंग्रेजी मध्यम से अध्यापन की क्षमता का होना अनिवार्य है। |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | टी.जी.टी.(रू0 9300–34800 ग्रेड पे 4600) | स्नातक वेतनक्रम में कार्यरत शिक्षक जिन्हें दिनांक 30–06–2016 को न्यूनतम 03 वर्ष का अध्यापन अनुभव हो तथा **सम्बन्धित विषय में परास्नातक हो।** अंग्रेजी माध्यम से अध्यापन की क्षमता का होना अनिवार्य है। |

**4.विद्यालयों में प्रतिनियुक्ति हेतु शैक्षणिक एवं अनुभव गुणांक निम्नवत् होंगे–**

(I) प्राचार्य एवं उप प्राचार्य हेतु शैक्षणिक एवं अनुभव गुणांक :

1. स्नातक/स्नात्तकोत्तर उपाधि – प्रथम श्रेणी–3 अंक, द्वितीय श्रेणी–2 अंक, तृतीय श्रेणी–1 अंक।
2. बी0एड0– लिखित एवं प्रयोगात्मक परीक्षा (अलग–अलग) – प्रथम श्रेणी–3 अंक, द्वितीय श्रेणी– 2 अंक, तृतीय श्रेणी– 1 अंक।
3. शिक्षा शास्त्र में स्नातकोत्तर /(एम0एड0) /M.Phil.उपाधि के लिए –02 अंक,पी0एच0डी0/D.Phil. उपाधि के लिए–03 अंक
4. आवासीय विद्यालय में कार्य करने का अनुभवः–दो वर्ष तक–01अंक, इसके अतिरिक्त प्रति 02वर्ष पर–01अंक अधिकतम 08 अंक।
5. प्रशासनिक अनुभवः– दो वर्ष तक–01 अंक,इसके अतिरिक्त प्रति 02 वर्ष पर–01 अंक अधिकतम 08 अंक।

(II) पी0जी0टी0 / टी0जी0टी0 हेतु शैक्षणिक गुणांक

1. स्नातक/स्नात्तकोत्तर उपाधि–प्रथम श्रेणी–3 अंक, द्वितीय श्रेणी–2 अंक, तृतीय श्रेणी–1 अंक।
2. बी0एड0–लिखित एवं प्रयोगात्मक परीक्षा (अलग–अलग) –प्रथम श्रेणी–3 अंक, द्वितीय श्रेणी– 2 अंक, तृतीय श्रेणी–1 अंक।
3. शिक्षा शास्त्र में स्नातकोत्तर /(एम0एड0) /M.Phil.उपाधि के लिए –02 अंक,पी0एच0डी0/D.Phil. उपाधि के लिए–03 अंक
4. कम्प्यूटर में दक्षता प्रमाणपत्र – 01 अंक, डिप्लोमा – 02 अंक, डिग्री – 03 अंक।
5. शैक्षणिक अनुभव :–दो वर्ष तक– 01अंक, इसके अतिरिक्त प्रति 02वर्ष पर–01अंक। अधिकतम 08 अंक।
6. सी0बी0एस0ई0 पाठ्यक्रम में पढाने का अनुभवः– दो वर्ष तक–01 अंक, इसके अतिरिक्त प्रति 02वर्ष पर–01अंक।अधिकतम 08 अंक

5 **चयन–** शैक्षणिक तथा अनुभव गुणांक एवं 15 अंकों के साक्षात्कार की सम्मिलित श्रेष्ठता के आधार पर किया जायेगा।

6 **सेवा शर्तें–** प्रतिनियुक्ति अवधि में मूल विभाग की समस्त वित्तीय देयता नियमानुसार उत्तराखण्ड आवासीय विद्यालय समिति द्वारा वहन की जायेंगी।

**7 अन्य भत्तेः**

प्रतिनियुक्ति भत्ता– प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त कार्मिकों को उनके मूल विभाग में प्राप्त वेतनमान में मूल वेतन व ग्रेड वेतन अनुमन्य होगा। उन्हें प्रतिनियुक्ति भत्ता शासनादेश संख्याः 42/XXVII(7)प0वि0भ0/2009 दिनांक 13 फरवरी, 2009 के अनुसार देय होगा। यदि उसी स्टेशन पर तैनाती होती है, तो प्रतिनियुक्ति भत्ता प्राप्त हो रहे वेतनबैन्ड के सादृश्य अनुमन्य ग्रेड पे का 10 प्रतिशत के बराबर तथा यदि स्टेशन से बाहर तैनाती होती है तो ग्रेड पे के 20 प्रतिशत के बराबर इस प्रतिबन्ध के साथ अनुमन्य किया जायेगा, कि वेतनबैन्ड में वेतन और प्रतिनियुक्ति भत्ते का योग रू0 39,100 से अधिक न हो।

**8 प्रतिनियुक्ति हेतु शैक्षिक योग्यता**

**विद्यालयों में सभी पदों को भरे जाने के लिए शैक्षिक योग्यता निम्नवत निर्धारित होगी**

| क्र0सं0 | पद का नाम | अनिवार्य अर्हता |
|---|---|---|
| 01 | प्राचार्य | विधि द्वारा स्थापित विश्व विद्यालय से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि।<br>राजकीय या राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से एल0टी0 डिप्लोमा या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में स्नातक उपाधि (बी0एड0) |
| 02 | उप–प्राचार्य | विधि द्वारा स्थापित विश्व विद्यालय से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि।<br>राजकीय या राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से |

| | | |
|---|---|---|
| | | एल0टी0 डिप्लोमा या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में स्नातक उपाधि (बी0एड0) |
| **पी0जी0टी0 हेतु न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ परास्नातक/एकीकृत परास्नातक उपाधि अनिवार्य है** | | |
| 03 | पी0जी0टी0– अर्थशास्त्र, | भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र/एप्लाइड अर्थशास्त्र/बिजनेस अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि।<br>राजकीय या राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से एल0टी0 डिप्लोमा या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में स्नातक उपाधि (बी0एड0) |
| 04 | पी0जी0टी0– भूगोल | भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि।<br>राजकीय या राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से एल0टी0 डिप्लोमा या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में स्नातक उपाधि (बी0एड0) |
| 05 | पी0जी0टी0–इतिहास | 1. भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि।<br>2. राजकीय या राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से एल0टी0 डिप्लोमा या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में स्नातक उपाधि (बी0एड0) |
| 06 | पी0जी0टी0– भौतिकशास्त्र | भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से भौतिकी/एप्लाइड भौतिकी/इलैक्ट्रॉनिक भौतिकी/ न्यूक्लियर भौतिकी में स्नातकोत्तर उपाधि।<br>अथवा<br>1 रीजनल कालेज ऑफ ऐजूकेशन (एनसीईआरटी) से सम्बन्धित विषय में द्विवर्षीय एकीकृत परास्नातक (एम0एस0सी0)।<br>2 राजकीय या राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से एल0टी0 डिप्लोमा या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में स्नातक उपाधि (बी0एड0) |
| 07 | पी0जी0टी0– रसायन विज्ञान | भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से रसायन/जैव रसायन में स्नातकोत्तर उपाधि। अथवा बायोकैमेस्ट्री में स्नातकोत्तर उपाधि।<br>अथवा<br>रीजनल कालेज ऑफ ऐजूकेशन (एनसीईआरटी) से सम्बन्धित विषय में द्विवर्षीय एकीकृत परास्नातक (एम0एस0सी0)।<br>2 राजकीय या राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से एल0टी0 डिप्लोमा या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में स्नातक उपाधि (बी0एड0) |
| 08 | पी0जी0टी0– गणित | 1 भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से गणित/एप्लाइड गणित में स्नातकोत्तर उपाधि।<br>अथवा<br>रीजनल कालेज ऑफ ऐजूकेशन (एनसीईआरटी) से सम्बन्धित विषय में द्विवर्षीय एकीकृत परास्नातक (एम0एस0सी0)।<br>2 राजकीय या राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से एल0टी0 डिप्लोमा या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में स्नातक उपाधि (बी0एड0) |
| 09 | पी0जी0टी0– जीवविज्ञान | भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से लाइफ साइंस/बायोसाइंस/पादपकार्यकी/जन्तुविज्ञान/वनस्पति विज्ञान/ माइक्रो बॉयलॉजी/ मॉलिक्यूलर बॉयलॉजी/बायोटैक्नोलॉजी/जेनेटिक्स में स्नातकोत्तर |

| | | |
|---|---|---|
| | | उपाधि (जन्तु विज्ञान तथा वनस्पति विज्ञान विषयों के साथ स्नातक उपाधि)<br>अथवा<br>रीजनल कालेज ऑफ ऐजूकेशन (एनसीईआरटी) से सम्बन्धित विषय में द्विवर्षीय एकीकृत परास्नातक (एम0एस0सी0)।<br>राजकीय या राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से एल0टी0 डिप्लोमा या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में स्नातक उपाधि (बी0एड0) |
| 10 | पी0जी0टी0– अंग्रेजी | भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय/संस्था से सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि।<br>राजकीय या राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से एल0टी0 डिप्लोमा या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में स्नातक उपाधि (बी0एड0) |
| 11 | पी0जी0टी0– हिन्दी | भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से हिन्दी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि<br>संस्कृत विषय के साथ कला स्नातक या संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी की शास्त्री परीक्षा उत्तीर्ण का प्रमाण पत्र।<br>राजकीय या राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से एल0टी0 डिप्लोमा या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में स्नातक उपाधि (बी0एड0) |
| 12 | पी0जी0टी0– वाणिज्य | भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से वाणिज्य में एकॉउन्टिग/कॉस्ट एकॉउन्टिंग/ फाइनेन्सियल एकाउटिंग मुख्य विषय के साथ स्नातकोत्तर उपाधि।(एप्लाइड/बिजनस इकानामिक्स के साथ वाणिज्य में स्नातकोत्तर अर्ह नहीं होंगे)।<br>राजकीय या राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से एल0टी0 डिप्लोमा या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में स्नातक उपाधि (बी0एड0) |
| 13 | पी0जी0टी0– कम्प्यूटर विज्ञान | भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि।<br>अथवा<br>भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से मास्टर इन कम्प्यूटर एप्लिकेशन (एम0सी0ए0) की उपाधि।<br>अथवा<br>भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय/संस्था से बी0ई0 या बी0टेक0(कम्प्यूटर साइन्स/आईटी) अथवा समकक्ष डीग्री या डिप्लोमा<br>अथवा<br>भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से बी0ई0/बी0टेक0(any stream) के साथ पोस्ट ग्रेज्युएट डिप्लोमा इन कम्प्यूटर<br>अथवा<br>भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से पोस्ट ग्रेज्युएट डिप्लोमा इन कम्प्यूटर साइन्स के साथ किसी भी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि<br>अथवा<br>DOEACC से B लेबल के साथ भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि।<br>अथवा<br>DOEACC से C लेबल के साथ भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी |

| | | |
|---|---|---|
| | | विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि।<br>अथवा<br>बी0एस0सी0 (कम्प्यूटर साइन्स)/बी0सी0ए0 या समकक्ष तथा भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि<br>पदोन्नति हेतु अभ्यर्थी को राजकीय या राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से एल0टी0 डिप्लोमा या भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में स्नातक उपाधि (बी0एड0) अनिवार्य होगा। |
| टी0जी0टी0 पद हेतु स्नातक स्तर पर/एन0सी0ई0आर0टी0 के क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान से चार वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स में **न्यूनतम 50 प्रतिशत अनिवार्य होंगे।** | | |
| 14 | टी0जी0टी0– हिन्दी | **(1)** भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से हिन्दी साहित्य जो अन्तिम वर्ष तक अनिवार्यतः रहा हो, के साथ स्नातक की उपाधि और उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद/माध्यमिक शिक्षा परिषद् उत्तर प्रदेश अथवा समकक्ष शिक्षा परिषद् से इण्टरमीडिएट परीक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा संस्कृत विषय के साथ उत्तीर्ण की हो। **यदि किसी अभ्यर्थी के पास इण्टर स्तर पर संस्कृत विषय न रहा हो तो स्नातक स्तर पर संस्कृत एक विषय के रूप में अवश्य हो।**<br>**(2)** किसी राजकीय या सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से एल0टी0 डिप्लोमा या विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से बी0एड0 की उपाधि।<br>**अथवा**<br>**(1)** एन0सी0ई0आर0टी0 के क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान से चार वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स (B.A.Ed) हिन्दी साहित्य विषय के साथ उत्तीर्ण, और उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद/ माध्यमिक शिक्षा परिषद् उत्तर प्रदेश अथवा समकक्ष शिक्षा परिषद् से इण्टरमीडिएट परीक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा संस्कृत विषय के साथ उत्तीर्ण की हो। यदि किसी अभ्यर्थी के पास इण्टर स्तर पर संस्कृत विषय न रहा हो तो स्नातक स्तर पर संस्कृत एक विषय के रूप में अवश्य हो। |
| 15 | टी0जी0टी0– अंग्रेजी | **(1)** भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य जो अन्तिम वर्ष तक अनिवार्यतः रहा हो, के साथ स्नातक उपाधि।<br>**(2)** किसी राजकीय या सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से एल0टी0 डिप्लोमा या विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से बी0एड0 उपाधि।<br>**अथवा**<br>**(1)** एन0सी0ई0आर0टी0 के क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान से चार वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स (B.A.Ed) अंग्रेजी साहित्य के साथ उत्तीर्ण। |
| 16 | टी0जी0टी0– संस्कृत | भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से संस्कृत (साहित्य) जो अन्तिम वर्ष तक अनिवार्यतः रहा हो, के साथ स्नातक की उपाधि और उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद/माध्यमिक शिक्षा परिषद् उत्तर प्रदेश अथवा समकक्ष शिक्षा परिषद् से इण्टरमीडिएट परीक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा हिन्दी विषय के साथ उत्तीर्ण की हो। यदि किसी अभ्यर्थी के पास इण्टर स्तर पर हिन्दी विषय न रहा हो तो स्नातक स्तर पर हिन्दी एक विषय के रूप में अवश्य हो<br>**या**<br>विधि द्वारा स्थापित किसी संस्कृत विश्वविद्यालय अथवा सरकार से मान्यता प्राप्त किसी संस्कृत महाविद्यालय से शास्त्री की उपाधि।<br>किसी राजकीय या सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से एल0टी0 डिप्लोमा या विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से बी0एड0/शिक्षाशास्त्री की उपाधि। |

| | | |
|---|---|---|
| | | **अथवा**<br>एन0सी0ई0आर0टी0 के क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान से चार वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स (B.A.Ed) संस्कृत विषय के साथ उत्तीर्ण। |
| 17 | टी0जी0टी0– विज्ञान | **(1)** भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से (I) रसायन विज्ञान (II) जन्तु विज्ञान एवं (III) वनस्पति विज्ञान विषयों के साथ विज्ञान स्नातक की उपाधि।<br>**(2)** किसी राजकीय या सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से एल0टी0 डिप्लोमा या विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से बी0एड0 की उपाधि।<br>**अथवा**<br>एन0सी0ई0आर0टी0 के क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान से चार वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स (B.Sc.Ed) (I) रसायन विज्ञान (II) जन्तु विज्ञान एवं (III) वनस्पति विज्ञान विषयों के साथ उत्तीर्ण की हो। |
| 18 | टी0जी0टी0 गणित | **1.** विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं गणित विषयों का तीनों वर्षों में अध्ययन के साथ स्नातक उपाधि जिसमें तृतीय वर्ष में गणित एवं भौतिक विज्ञान विषयों के साथ अध्ययन<br>2 बी0एस0सी0 ऑनर्स (गणित) अर्ह होंगे यदि उन्होने स्नातक पाठयक्रम के प्रथम दो वर्षों में भौतिक एवं रसायन विषयों का अध्ययन किया हो। बी0एस0सी0 ऑनर्स (भौतिक अथवा रसायन) टी0जी0टी0 (गणित) पद हेतु अर्ह नहीं होंगे।<br>**3** किसी राजकीय या सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से एल0टी0 डिप्लोमा या विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से बी0एड0 उपाधि।<br>**अथवा**<br>एन0सी0ई0आर0टी0 के क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान से चार वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स (B.Sc.Ed) (I) गणित एवं (II) भौतिक विज्ञान विषयों के साथ उत्तीर्ण की हो। |
| 19 | टी0जी0टी0– सामाजिक विज्ञान | विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, व राजनीति शास्त्र विषयों में से कोई दो विषयों के साथ स्नातक उपाधि। इन दो विषयों में एक विषय इतिहास या भूगोल अवश्य हो।<br>इतिहास/भूगोल विषयों का स्नातक के तीनों वर्षो में अध्ययन<br>बी0ए0 आनर्स (इतिहास) में उपाधिधारक प्रथम दो में भूगोल/अर्थषास्त्र/राजनीतिषास्त्र तथा बी0ए0 आनर्स (भूगोल) में उपाधि धारक प्रथम दो वर्षा में इतिहास/ अर्थशास्त्र/राजनीति शास्त्र विषयों में अध्ययन किया हो।बी0ए0 आनर्स (इकोनामिक्स एवं राजनीति विज्ञान में टी0जी0टी0 सामाजिक विज्ञान हेतु अर्ह नहीं है)<br>किसी राजकीय या सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से एल0टी0 डिप्लोमा या विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से बी0एड0 उपाधि।<br>**अथवा**<br>एन0सी0ई0आर0टी0 के क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान से चार वर्षीय इन्टीग्रेटेड कोर्स (B.A.Ed) भूगोल, अर्थशास्त्र, नागरिकशास्त्र एवं इतिहास विषयों में से किन्ही दो विषयों (इन दो विषयों में एक विषय इतिहास या भूगोल अवश्य हो।) के साथ उत्तीर्ण हों। |
| 20 | टी0जी0टी0– व्यायाम | 1 भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि।<br>2 किसी राजकीय या सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से डी0पी0एड0 डिप्लोमा/व्यायाम रत्न या विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से बी0पी0एड0 की उपाधि।<br>**अथवा**<br>1 भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शारीरिक शिक्षा (बी0पी0ई0)में स्नातक उपाधि। |

| | | |
|---|---|---|
| | | 2 किसी राजकीय या सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से एल0टी0 डिप्लोमा या विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से बी0एड0 की उपाधि। |
| 21 | टी0जी0टी0– संगीत | **(1)** भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से संगीत (वादन अथवा गायन) विषय मे स्नातक उपाधि।<br>**(2)** किसी राजकीय या सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से एल0टी0 डिप्लोमा या विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से बी0एड0 की उपाधि।<br>**अथवा**<br>(1) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि।<br>(2) स्वर और वाद्य में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से संगीत में सीनियर डिप्लोमा या भातखण्डे संगीत महाविद्यालय से संगीत विशारद की उपाधि।<br>**अथवा**<br>उत्तराखण्ड भातखण्डे संगीत महाविद्यालय से संगीत विशारद की उपाधि।<br>**अथवा**<br>प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद से पॉच वर्षीय संगीत प्रभाकर। |
| 22 | टी0जी0टी0– कला | **(1)** भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से ड्राइंग या पेन्टिग/फाईन आर्ट/कला विषय में स्नातक की उपाधि के साथ न्यूनतम द्विवर्षीय पूर्णकालिक डिप्लोमा।<br>पूर्णकालिक डिप्लोमा प्रदान करने वाली निम्न संस्थायें मान्यता प्राप्त हैं–<br>**5. दो वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यकम हेतु–**<br>**(क)** स्कूल/कालेज ऑफ आर्ट एण्ड काफ्ट,लखनऊ।<br>**(ख)** डाईरेक्टोरेट आफ इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग पंजाब, चण्ढीगढ़।<br>**(ग)** जामिया मिलिया इस्लामियां, नई दिल्ली।<br>**(घ)** डाईरेक्टोरेट आफ इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग हरियाणा, चण्ढीगढ़।<br>**(ड.)**बी0एड0,डिग्री डिप्लोमा इन फाईन आर्टस फ्रॉम रीजनल कालेज ऑफ एजुकेशन।<br>**6. तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यकम हेतु–**<br>**(क)** वीमेन्स पॉलिटेकनिक, महारानीबाग नई दिल्ली।<br>**(ख)** शारदा उकिल स्कूल ऑफ आर्ट दिल्ली।<br>**(ग)** दिल्ली पॉलिटेक्निक दिल्ली।<br>**(घ)** गोवमेंट इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग इंस्टीच्यूट,जे0 एण्ड के0 जम्मू।<br>**(ड.)** ड्राईग टीचर्स ट्रेनिंग सर्टिफिकेट इन फाईन आर्ट एण्ड क्राफ्ट एवॉर्डेड बाई रजिस्ट्रार,डिपार्टमेंटल इक्जामिनेशन गोवमेंट ऑफ राजस्थान, बीकानेर।<br>**(च)** बी0ए0/बी0ए0 आनर्स इन आर्ट एण्ड आर्ट एजुकेशन, जामिया मिलिया इस्लामियां, नई दिल्ली।<br>**7. चार वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यकम हेतु–**<br>**(क)** स्कूल/कालेज ऑफ आर्ट एण्ड काफ्ट, लखनऊ।<br>**(ख)** कालेज ऑफ आर्ट एण्ड काफ्ट, चण्ढीगढ़।<br>**(ग)** सर, जेजे स्कूल ऑफ आर्ट बाम्बे।<br>**(घ)** विश्व भारती (वेस्ट बंगाल) शान्ति निकेतन।<br>**8. पॉच वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यकम हेतु–**<br>**(क)** नेशनल डिप्लोमा ऑफ ए0ए0आई0सी0 टी0ई0।<br>**(ख)** बेचलर इन फाईन आर्टस डिग्री फ्रॉम अरिगनाइज्ड. यूनिवर्सिटी।<br>**(ग)** गोवमेंट कालेज ऑफ फाईन आर्ट एण्ड आर्किटेक्चर, हैदराबाद (स्टेट बोर्ड ऑफ टेकनिकल एजूकेशन एण्ड ट्रेनिंग, आन्ध्र प्रदेश)।<br>**(घ)** गोवमेंट स्कूल/कालेज ऑफ आर्ट एण्ड क्राफ्ट लखनऊ (डाईरेक्टोरेट आफ इंडस्ट्रीज, उत्तर प्रदेश/कल्चरल अफेयर्स एण्ड सांईटिफिक रिसर्च यू0पी0)।<br>**(ड.)** सर, जेजे स्कूल ऑफ आर्ट बाम्बे। |

| | | |
|---|---|---|
| | | (च) कालेज ऑफ आर्ट एण्ड काफ्ट, कैलकट्टा (डाईरेक्टोरेट आफ पब्लिक इंस्टीटयूशन वेस्ट बैगॉल)।<br>(छ) कालेज ऑफ आर्ट एण्ड काफ्ट, चेन्नई(डाईरेक्टोरेट आफ इंडस्ट्रीज चेन्नई)<br>(ज) स्कूल/कालेज ऑफ आर्ट एण्ड काफ्ट पटना।<br>(झ) विश्व भारती (वेस्ट बेगॉल) शान्ति निकेतन।<br>(ञ) स्कूल/कालेज ऑफ आर्ट एण्ड काफ्ट (पंजाब चण्डीगढ.)।<br>(ट) रजिस्ट्रार,डिपार्टमेंटल इक्जामिनेशन बीकानैर, गोवमेंट ऑफ राजस्थान।<br>**अथवा**<br>(1) भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से ड्राईग एवं पेन्टिग में स्नातकोत्तर उपाधि।<br>(2) किसी राजकीय या सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान/महाविद्यालय से एल0टी0 डिप्लोमा या विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से बी0एड0 उपाधि।<br>(3) इण्टरमीडिएट परीक्षा प्राविधिक कला/ड्राइंग एवं पेंटिग के साथ उत्तीर्ण की हो।<br>**अथवा**<br>मान्यता प्राप्त संस्था से इण्टरमीडिएट /हायर सेकेण्डरी/सीनियर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त संस्था से न्यूनतम 04 वर्षीय पूर्णकालिक डिप्लोमा/फाइन आर्ट से |

**नोट–** उक्त के अतिरिक्त उत्तराखण्ड सरकार/अन्य राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के विद्यालयों में पी0जी0टी0/टी0जी0टी0 हेतु निर्धारित शैक्षिक योग्यताधारी भी आवेदन करने के अर्ह होंगे, परन्तु प्रतिनियुक्ति हेतु निर्धारित उपरोक्त योग्यताधारकों को वरीयता दी जायेगी।

**9. अधिकतम आयु सीमा :** प्रतिनियुक्ति हेतु सभी पदों के लिए अभ्यर्थी की अधिकतम आयु सीमा दिनांक 30–06–2016 को 55 वर्ष।

10. अभ्यर्थियों के चयनोपरान्त विद्यालयों में पदस्थापन शैक्षणिक तथा अनुभव गुणांक एवं साक्षात्कार में प्राप्तांक की मेरिट के आधार पर अभ्यर्थियों के वरियता के अनुसार की जायेगी।

उत्तराखण्ड आवासीय विद्यालय समिति द्वारा संचालित राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में प्रतिनियुक्ति पर प्राचार्य / उप प्राचार्य / पी0जी0टी0 / टी0जी0टी0 के पदों हेतु

## आवेदन पत्र

1. आवेदित पद का नाम ..........................................

2. आवेदक का नाम (हिन्दी में)..........................................
(अंग्रेजी में) ..........................................

3. पिता का नाम ..........................................
4. पत्र व्यवहार का पता ..........................................
..........................................

5. जन्म तिथि ..........................................
6. दूरभाष :– मोबाइल नं0– ..........................................
7. आयु 01–01–2016 को .........वर्ष..........माह.........दिन
8. जाति (सामान्य / ओ0बी0सी0 / एस0सी0 / एस0टी0).....................
(जाति अंकित की जाय)

9. शैक्षणिक योग्यता (प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें)

| क0सं0 | परीक्षा | वर्ष | विषय | बोर्ड / वि0वि0 | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्नातक | | | | |
| 2 | स्नातकोत्तर | | | | |
| 3 | बी0एड0 / एल0टी0 | | | | |
| 4 | अन्य | | | | |
| 5 | | | | | |

10. शैक्षणिक / प्रशासनिक अनुभव ( संस्थाध्यक्ष द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र संलग्न करें)

| क0 सं0 | संस्था का नाम | पद | अवधि | | वेतनबैंड एवं ग्रेड पे | अनुभव | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कब से | कब तक | | वर्ष | माह |
| 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | |
| | | | | | | | |

11 अन्य विवरण (प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें)

i. ..........................................
ii. ..........................................
iii. ..........................................

12. प्रतिनियुक्ति हेतु वरीयता क्रम में राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के जनपद के नाम –

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | |

संलग्नकों का विवरणः

स्थान...............
दिनांक.........

हस्ताक्षर
अवेदक का नाम

**प्रमाण पत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि (नाम) ........................................पुत्र/पुत्री श्री...................................... द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त विवरण सत्य है।

स्थान...............
दिनांक

हस्ताक्षर
अवेदक का नाम

**अनापत्ति प्रमाण पत्र**

(अन्य राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के राजकीय विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाचार्य/ प्रधानाध्यापक/शिक्षकों हेतु)

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कु0 .......................... पुत्र/पुत्री श्री................................ विद्यालय का नाम............................. में दिनांक .................. से दिनांक ............ तक ..................... पद पर कार्यरत है। श्री/श्रीमती/कु0.... ..............................को विगत पांच वर्षों में प्रतिकूल प्रविष्टि अंकित नहीं की गयी है तथा न ही इनके विरूद्ध कोई न्यायालयी वाद लम्बित है। श्री/ श्रीमती /कु0 .............................. को उत्तराखण्ड आवसीय विद्यालय समिति द्वारा संचालित राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में ......................पद हेतु आवेदन करने की अनुमति दी जाती है। नियुक्ति की स्थिति में श्री/श्रीमती/कु0 ........................ को एक माह के अन्दर कार्यमुक्त कर दिया जायेगा।

स्थान..................
दिनांक .................

नियोक्ता के हस्ताक्षर
नाम ............................................
पदनाम.............................................

**अग्रसारण प्रमाण पत्र**

(उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा के अन्तर्गत राजकीय विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक/शिक्षकों हेतु)

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कु0 .......................... पुत्र/पुत्री श्री................................ विद्यालय का नाम.. ........................... में दिनांक .................. से दिनांक ............ तक ..................... पद पर कार्यरत है। श्री/श्रीमती/कु0............ .....................को विगत पांच वर्षों में प्रतिकूल प्रविष्टि अंकित नहीं की गयी है तथा न ही इनके विरूद्ध कोई न्यायालयी वाद लम्बित है। श्री/ श्रीमती /कु0 .............................. को उत्तराखण्ड आवसीय विद्यालय समिति द्वारा संचालित राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में ......................पद पर आवेदन करने हेतु संस्तुति सहित अग्रसारित किया जाता है।

स्थान.................

संस्थाध्यक्ष/ खण्ड शिक्षा अधिकारी के हस्ताक्षर
(संस्थाध्यक्ष के आवेदन करने पर)

मुख्य शिक्षा अधिकारी के हस्ताक्षर
नाम ........................
पदनाम ..................

दिनांक .................